## मुख्य समाचार

- **मुख्यमंत्री ने किन्नौर ज़िले में करोड़ों रूपये की विकास योजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास– जनजातीय क्षेत्रों के विकास को बताया राज्य सरकार की प्राथमिकता।**
- **प्रदेश में गोवर्धन पूजा पर कई कार्यक्रम आयोजित–कुल्लू में अन्नकूट पर्व की रही धूम।**
- **कांगड़ा ज़िले के बीड़–बिलिंग में पैराग्लाइडिंग विश्व कप आज से शुरू– 26 देशों के 94 पायलट ले रहे हैं भाग।**
- **अक्तूबर महीने में सामान्य से 97 फीसदी कम बरसे मेघ– अगले एक सप्ताह तक भी वर्षा के आसार नहीं।**

## मुख्यमंत्री–किन्नौर महोत्सव

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज रिकांगपिओ से वर्चुअल माध्यम से किन्नौर ज़िले के लिए लगभग 30 करोड़ रूपये की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम के तहत 37 पात्र लोगों को भूमि के पट्टे भी प्रदान किए। रिकांगपिओ में आज रात चार दिवसीय राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव सम्पन्न हो रहा है और मुख्यमंत्री इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे हैं। रिकांगपिओ पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता है और विकास कार्यों में धन की कमी को आड़े नहीं आने दिया जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि विकास को गति देने के लिए राज्य सरकार दिन–रात काम कर रही है और जनता से किए गए वायदों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने किन्नौर महोत्सव में लगाई गई विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी भी उनके साथ मौजूद रहे।

## गोवर्धन पूजा

आज देश व प्रदेश में गोवर्धन पूजा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सदियों से दिवाली के अगले दिन गोवर्धन पूजा मनाने की परंपरा रही है। यह भगवान कृष्ण की वर्षा के देवता इंद्र पर विजय के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। एक अनुष्ठान के रूप में, घर के प्रवेश द्वार के बाहर गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाया जाता है और लोग इस दिन गायों की पूजा करते हैं। लोगों ने आज गौवंश को माला पहनाकर उनका पूजन किया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी शिमला स्थित सरकारी आवास ओक ओवर में गाय की पूजा की। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी और विधायक कमलेश ठाकुर ने भी गोवर्धन पूजा में भाग लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश में शांति और खुशहाली की कामना की।

## अन्न कूट पर्व

इस बीच कुल्लू में आज अन्नकूट का पर्व धार्मिक श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। भगवान रघुनाथ जी को इस मौके पर नए अनाज का भोग लगाया गया और उनका श्रृंगार करके चावल का पहाड़नुमा ढेर बनाकर भगवान रघुनाथ जी को उस पर विराजमान किया गया। अन्नकूट पर्व पर नई फसल को पकाया जाता है और भगवान रघुनाथ जी को पके हुए चावलों के ढेर पर बिठाकर उनकी पूजा कर भोग लगाया जाता है। भगवान रघुनाथ जी के प्रथम सेवक और छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने बताया कि पके हुए चावलों के भोग को भंडारा लगाकर मंदिर में आए लोगों को प्रसाद के रूप में बांटा गया।

**जयराम**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि पिछले लगभग दो वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश की कांग्रेस सरकार के पास 25 हज़ार करोड़ का कर्ज़ लेने के अलावा कोई उपलब्धि नहीं है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ बोलकर सत्ता में आई है और लोग अब कांग्रेस के झूठ को समझ चुके हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान ने भी झूठे वायदों और गारंटियों के चलते हिमाचल के नेताओं से किनारा कर लिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सहित कांग्रेस के अन्य नेताओं को झूठ न बोलने की सलाह देते हुए कहा है कि राज्य सरकार को विकास कार्यों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। विपक्ष के नेता ने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस सरकार व्यवस्था पतन के लिए ही जानी जाएगी।

**नरेश चौहान**

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने भाजपा नेताओं पर झूठी बयानबाजी करने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा के केन्द्रीय स्तर के शीर्ष नेता हिमाचल की आर्थिक स्थिति को लेकर तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं। नरेश चौहान ने आरोप लगाया कि प्रदेश के भाजपा नेता अपने केन्द्रीय नेताओं को झूठे आंकड़े देकर हिमाचल को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार जनहित के काम कर रही है और जनता को दी गई गारंटियों में से पांच को पूरा कर लिया गया है।

**भेंट**

सेना की पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ लैफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल से सीमांत राज्य के हित में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक में राज्य सैनिक बोर्ड और राष्ट्रीय सैन्य विद्यालय से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई। लैफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने राज्यपाल का उनकी सकारात्मक प्रतिक्रिया के लिए आभार जताया।

**पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप**

कांगड़ा ज़िले के बीड़ बीलिंग में आज से पैराग्लाइडिंग विश्व कप शुरू हो गया है। राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस बाली ने इसका शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में 26 देशों के 94 पायलट भाग ले रहे हैं। इनमें 32 भारतीय प्रतिभागियों सहित 7 महिला पायलट भी शामिल हैं। आर.एस. बाली ने अपने संबोधन में कहा कि बीड़ बीलिंग दुनिया की सर्वोत्तम, विचित्र और लंबी साइट होने के कारण दुनियाभर के पैराग्लाइडरों के लिए पसंदीदा स्थान है। उन्होंने कहा कि बीड़–बीलिंग में विश्व कप के आयोजन से दुनिया में हिमाचल की प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

प्रतियोगिता में भाग ले रहे पैराग्लाइडरों ने बीड़ बिलिंग की साइट को दुनिया की बेहतरीन साइट बताते हुए कहा कि वे विश्व कप में शामिल होकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

आठ दिन तक चलने वाले इस विश्व कप के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और दो हैलीकॉप्टर, एम्बुलेंस के साथ सात स्वास्थ्य टीमें और अन्य प्रबंध किए गए हैं। लैंडिंग साइट बीड़ में 6 से 8 नवम्बर तक कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा और प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**मौसम**

प्रदेश में अक्तूबर महीने के दौरान सामान्य से 97 फीसदी कम वर्षा हुई और कम वर्षा ने पिछले एक सौ 23 वर्षों का रिकार्ड तोड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार अक्तूबर महीने में 25 दशमलव एक मिलीमीटर सामान्य वर्षा होती है लेकिन इस बार शून्य दशमलव सात मिलीमीटर वर्षा ही हुई। हमीरपुर, बिलासपुर, सोलन, सिरमौर, कुल्लू और चंबा ज़िले में पिछले महीने न के बराबर वर्षा हुई है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक अगले एक सप्ताह में भी प्रदेश में वर्षा की कोई संभावना नहीं है। इसके अलावा प्रदेश में इन दिनों तापमान सामान्य से लगभग 5 डिग्री अधिक रिकार्ड किया जा रहा है।

**अवस्थी**

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने आज अर्की में लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकांश का मौके पर ही निपटारा किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों की शिकायतों का निपटारा उनके घर–द्वार के समीप ही सुनिश्चित कर रही है, जिससे लोगों के पैसे व समय की बचत हो रही है। संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जनशिकायतों के निपटारे को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और शिमला ज़िले के दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार में रात्रि ठहराव के दौरान उन्होंने स्वयं क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी। संजय अवस्थी ने नगर पंचायत अर्की के लिए कूड़ा एकत्रिकरण वाहन को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।